प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. : 201-

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2024

# माध्यमिक स्कूल परीक्षा - 2024

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code
**J**

( ANNUAL / वार्षिक )

## HINDI ( MT )

## मातृभाषा हिन्दी

विषय कोड :
Subject Code : **201**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 32
**Total Printed Pages : 32**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

---

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।**
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें । **50 × 1 = 50**

1. 'भारत सौभाग्य' नामक नाटक के नाटककार कौन हैं ?

(A) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' (B) घनानंद

(C) कुँवर नारायण (D) वीरेन डंगवाल

2. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को उनकी किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था ?

(A) कुटज (B) नाखून क्यों बढ़ते हैं

(C) आलोक पर्व (D) अशोक के फूल

3. 'टकसाल' शब्द का अर्थ है

(A) जहाँ दिन ढलता है । (B) जहाँ सिक्के ढलते हैं ।

(C) जहाँ भोजन बनता है । (D) जहाँ अपराधियों को रखा जाता है ।



BiharboardQuestionpaper.com

J

4. किसे 'बाबा साहेब' के नाम से पुकारा जाता है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी को
(B) भीमराव अंबेदकर को
(C) अमरकांत को
(D) रामविलास शर्मा को

5. सेन साहब की कितनी लड़कियाँ थीं ?

(A) चार
(B) पाँच
(C) दो
(D) सात

6. स्थापत्य की उत्तर भारत की एक विशेष शैली को क्या कहते हैं ?

(A) देवनागरी शैली
(B) नागर शैली
(C) द्रविड़ शैली
(D) देवनगर शैली

7. 'बहादुर' शीर्षक कहानी में कौन अपने शरीर की मालिश बहादुर से कराता था ?

(A) नरेश
(B) नरेन
(C) युगल
(D) किशोर

8. 'टेनीसन' किस भाषा के कवि हैं ?

(A) फ्रेंच
(B) स्पेनिश
(C) अंग्रेजी
(D) मंदारी



BiharboardQuestionpaper.com

9. 'हिन्दुस्तानी डान्स म्यूजिक' नामक स्कूल किसका था ?

(A) निर्मला जी का
(B) प्रमिला जी का
(C) कमला जी का
(D) रश्मि जी का

10. कितने साल की अवस्था में पंडित बिरजू महाराज की शादी हुई थी ?

(A) दस साल
(B) बारह साल
(C) अठारह साल
(D) बीस साल

11. निम्न में कौन द्विगु समास का उदाहरण नहीं है ?

(A) नवरत्न
(B) चौराहा
(C) त्रिलोक
(D) आशातीत

12. 'लड़ाई' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) लड़ना
(B) ई
(C) आई
(D) आनी



BiharboardQuestionpaper.com

**J**

13. 'झूला' शब्द में प्रत्यय है

(A) अ (B) आ

(C) ला (D) झूल

14. 'दस हाथ जगह' में कौन विशेषण है ?

(A) निश्चित परिमाणबोधक (B) गुणवाचक

(C) अनिश्चित परिमाणबोधक (D) प्रविशेषण

15. 'देवर्षि' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) देव + ऋषि (B) देव + अरषि

(C) देवता + ऋषि (D) देवः + षि

16. हिन्दी में अनुनासिक वर्णों की संख्या कितनी है ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) छः

17. 'ज' का उच्चारण-स्थान है

(A) कंठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ



BiharboardQuestionpaper.com

18. 'अंश' शब्द का विशेषण कौन है ?

(A) आंसीक (B) आंशिक

(C) अंशी (D) आशीष

19. निम्न में कौन महाप्राण व्यंजन है ?

(A) ठ (B) त

(C) द (D) प

20. निम्न में कौन अघोष वर्ण है ?

(A) छ (B) य

(C) ग (D) ज

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

21. मंगम्मा किसके लिए मिठाई रखी थी ?

(A) रंगप्पा (B) नंजम्मा

(C) पोता (D) पति

22. 'मदुरै' को अंग्रेज किस नाम से पुकारते थे ?

(A) मेढ़क (B) मिंडारा

(C) मदुरा (D) मदौरा



BiharboardQuestionpaper.com

J

23. 'ढहते विश्वास' कहानी में कैसी समस्या का वर्णन है ?

(A) दहेज की समस्या (B) अकाल की समस्या

(C) बाढ़ की समस्या (D) घूसखोरी की समस्या

24. 'दही वाली मंगम्मा' किस भाषा की कहानी है ?

(A) मगही की (B) मराठी की

(C) राजस्थानी की (D) कन्नड़ की

25. सीता के पुत्रों के नाम हैं

(A) कैलास, हरि एवं गोविन्द (B) कैलास, नारायण एवं बिज्जू

(C) हरि, गोपाल एवं नारायण (D) शंकर, भोला एवं सुमित

26. किसका वातावरण वल्लि अम्माल को भयभीत कर दिया था ?

(A) रेलवे स्टेशन का (B) बस अड्डा का

(C) अस्पताल का (D) गाँव का



BiharboardQuestionpaper.com

27. राधा किसकी पत्नी है ?

(A) कैलास की
(B) नारायण की
(C) हरि की
(D) बिज्जू की

28. मैक्स मूलर ने सर्वविद् संपदा और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण किस देश को माना है ?

(A) चीन को
(B) नेपाल को
(C) भारत को
(D) बर्मा को

29. शहनाई को सुषिर वाद्यों में किसकी उपाधि मिली है ?

(A) मंत्री
(B) बेसुरा
(C) शाह
(D) कनिष्ठ

30. संतू मछली लेकर क्यों भागा ?

(A) धोने के लिए
(B) कुएँ में डालने के लिए
(C) खेलने के लिए
(D) खाने के लिए



BiharboardQuestionpaper.com

31. निम्न में कौन ऊष्म व्यंजन है ?

(A) स
(B) म
(C) ड
(D) झ

32. 'महा + औषध' पदों की संधि है

(A) महोषध
(B) महाशय
(C) महाषध
(D) महौषध

33. 'अत्युत्तम' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) आ + उत्तम
(B) अती + उत्तम
(C) अत्यु + उत्तम
(D) अति + उत्तम

34. निम्न में कौन गुण स्वर संधि का उदाहरण है ?

(A) महेन्द्र
(B) यद्यपि
(C) महीन्द्र
(D) पृथ्वीश

35. 'शे + अन' पदों की संधि है

(A) शायन
(B) शेअन
(C) सयन
(D) शयन



BiharboardQuestionpaper.com

36. निम्न में कौन विसर्ग संधि का उदाहरण है ?

(A) अहंकार (B) संगम

(C) पंचम (D) यशोदा

37. शुद्ध शब्द है

(A) आगामी (B) आमावश्या

(C) आर्द (D) उज्वल

38. 'सोहन, मोहन को रुपये देता है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) संप्रदान (D) संबंध

39. 'सीता छत से कूद पड़ी' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) करण (B) संप्रदान

(C) अपादान (D) अधिकरण

40. अशुद्ध शब्द है

(A) पृष्ठ (B) प्रशंशा

(C) अर्चना (D) पुण्य



BiharboardQuestionpaper.com

41. मानवीय विभीषिका का चित्रण करनेवाली कविता कौन है ?

(A) हिरोशिमा
(B) अक्षर-ज्ञान
(C) लौटकर आऊँगा फिर
(D) मेरे बिना तुम प्रभु

42. 'एक वृक्ष की हत्या' शीर्षक कविता में कौन हमेशा चौकन्ना रहता था ?

(A) कवि
(B) पिताजी
(C) वृक्ष
(D) दादाजी

43. 'घूमता आईना' शीर्षक से स्तंभ लेखन किसने किया ?

(A) अनामिका
(B) कुँवर नारायण
(C) वीरेन डंगवाल
(D) अज्ञेय

44. कवयित्री अनामिका के अनुसार चौखटे में क्या नहीं अँटता ?

(A) 'क'
(B) 'ख'
(C) 'ग'
(D) 'घ'

45. कवि जीवनानंद दास किसका हंस बनना चाहते हैं ?

(A) कृषक का
(B) किशोर का
(C) किशोरी का
(D) काका का



BiharboardQuestionpaper.com

J

46. रेनर मारिया रिल्के की काव्य शैली कैसी है ?

(A) विवरणात्मक

(B) गवेषणात्मक

(C) गीतात्मक

(D) व्यंग्यात्मक

47. हिन्दी कविता में प्रयोगवाद का सूत्रपात किसने किया ?

(A) सुमित्रानंदन पंत ने

(B) रामधारी सिंह 'दिनकर' ने

(C) अज्ञेय ने

(D) कुँवर नारायण ने

48. सिखों के पाँचवें गुरु कौन हैं ?

(A) गुरु अर्जुनदेव

(B) गुरु नानक देव

(C) गुरु हरकिशन

(D) गुरु गोविन्द सिंह

49. मथुरा और वृंदावन पर धावा किसने बोला ?

(A) मीर मुंशी के सिपाहियों ने

(B) मुगलों के सिपाहियों ने

(C) शाह रंगीले के सिपाहियों ने

(D) नादिर शाह के सिपाहियों ने



BiharboardQuestionpaper.com

J

50. रसखान किस छंद में सिद्ध थे ?

(A) रोला (B) कुंडलिया

(C) चौपाई (D) सवैया

51. 'अत्यंत' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) अति (B) अधि

(C) अनु (D) अप

52. 'परा' उपसर्ग से निर्मित शब्द है

(A) परिचय (B) प्रगति

(C) पराभव (D) प्रत्येक

53. 'सजावट' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) सु (B) आहट

(C) सज (D) आवट

54. 'खिलाड़ी' शब्द में प्रत्यय है

(A) खेलना (B) खेल

(C) आड़ी (D) आका

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com

55. 'लड़ाका' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) लड़ना
(B) आका
(C) आ
(D) लड़

56. 'जो लोग परिश्रम करेंगे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी ।' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) निषेधवाचक वाक्य
(B) सरल वाक्य
(C) मिश्र वाक्य
(D) संयुक्त वाक्य

57. 'असहायों की सहायता करनेवाले आप सर्वत्र प्रतिष्ठित हैं ।'– किस पदबंध का उदाहरण है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रिया पदबंध

58. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) साहित्य और जीवन का घनघोर सम्बंध है ।

(B) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ ।

(C) चरखा चलाना चाहिए ।

(D) पुस्तक लजीज है ।



BiharboardQuestionpaper.com

59. निम्न में कौन वाक्य भाववाच्य का उदाहरण है ?

(A) गीता पत्र लिखती है ।
(B) मोहन पढ़ता है ।
(C) राधिका से सोया नहीं जाता ।
(D) बच्चे खेलते हैं ।

60. 'अग्नि' का पर्यायवाची है

(A) धूमकेतु
(B) विलोचन
(C) समीर
(D) गगन

61. निम्नलिखित में कौन शब्द अव्यय है ?

(A) चलना
(B) हँसना
(C) खाना
(D) अतएव

62. 'उसने नहाकर भोजन किया ।' – इस वाक्य में 'नहाकर' कौन क्रिया है ?

(A) पूर्वकालिक
(B) क्रियार्थक संज्ञा
(C) प्रेरणार्थक
(D) नामबोधक

63. 'भूख' शब्द है

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

64. 'लाटा' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

65. 'हरिद्रा' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) संकर

66. 'अजायब' कौन शब्द है ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

67. ऐसे शब्द, जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंड सार्थक होते हैं, उसे क्या कह

हैं ?

(A) रूढ़ शब्द (B) यौगिक शब्द

(C) अरूढ़ शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

68. 'पंकज' शब्द है

(A) रूढ़ शब्द (B) अरूढ़ शब्द

(C) योगरूढ़ शब्द (D) विदेशज शब्द



BiharboardQuestionpaper.com

69. 'अथाह' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) अव (B) थाह

(C) अ (D) आ

70. 'अधिराज' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) अति (B) अनु

(C) अधि (D) अप

71. हिन्दी में उद्धरण चिह्न के कितने रूप हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

72. शब्द बोलते समय अर्थ या उच्चारण की स्पष्टता के लिए जब हम किसी अक्षर पर विशेष बल देते हैं, तब इस क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) संगम (B) बलाघात

(C) अनुतान (D) संधि



BiharboardQuestionpaper.com

J

73. 'गिरोह' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) भाववाचक
(D) समूहवाचक

74. 'नियम' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

75. 'प्रशिक्षण' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

76. 'रोटी' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

77. 'दाल में कुछ गिर गया ।' - इस वाक्य में 'कुछ' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक
(B) अनिश्चयवाचक
(C) प्रश्नवाचक
(D) संबंधवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

78. 'सोहन मुझसे किताब लिखाता है ।'- किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) यौगिक क्रिया
(B) समाप्तिबोधक क्रिया
(C) इच्छाबोधक क्रिया
(D) प्रेरणार्थक क्रिया

79. 'आत्मा' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) प्राण
(B) द्विज
(C) परमात्मा
(D) सजीव

80. 'गुप्त' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) खजाना
(B) गोपनीय
(C) गहरा
(D) प्रकट

81. 'गदहा' का पर्यायवाची है

(A) तामरस
(B) मोददाता
(C) वैशाखनंदन
(D) हय

82. 'राधा गयी होगी' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल
(B) सामान्य वर्तमान
(C) भूतकाल
(D) भविष्यत काल



BiharboardQuestionpaper.com

83. 'जानने की इच्छा' – के लिए एक शब्द है

(A) मीमांसा
(B) विभाषा
(C) जिज्ञासा
(D) पिपासा

84. 'जो देने योग्य है' – के लिए एक शब्द है

(A) गेय
(B) हेय
(C) देय
(D) पेय

85. 'खून-पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) जख्मी होना
(B) आलसी होना
(C) कठिन् परिश्रम करना
(D) गिर पड़ना

86. 'अपना उल्लू सीधा करना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) अपना काम निकालना
(B) आलसी होना
(C) बकवास करना
(D) अपना उल्लू पकड़ना



BiharboardQuestionpaper.com

87. 'डिबिया' शब्द का बहुवचन है

(A) डिबीयो

(B) डिब्बाए

(C) डीब्बो

(D) डिबियाँ

88. 'शोकग्रस्त' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय

(B) तत्पुरुष

(C) द्वन्द्व

(D) अव्ययीभाव

89. निम्नलिखित में कौन शब्द अपादान तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) गृहागत

(B) स्वर्गप्राप्त

(C) धनहीन

(D) गिरहकट

90. 'यथार्थ' शब्द में कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव

(B) कर्मधारय

(C) द्विगु

(D) द्वन्द्व

91. 'शहर अब भी संभावना है' किसकी कृति है ?

(A) अशोक वाजपेयी

(B) कुँवर नारायण

(C) अनामिका

(D) वीरेन डंगवाल



BiharboardQuestionpaper.com

J

92. 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' नामक उपन्यास किसका है ?

(A) रामविलास शर्मा
(B) रश्मि वाजपेयी
(C) विनोद कुमार शुक्ल
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

93. किसका जन्म संगीत प्रेमी परिवार में हुआ था ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी का
(B) यतीन्द्र मिश्र का
(C) बिस्मिल्ला खाँ का
(D) अमरकान्त का

94. 'अहिंसा दिवस' के रूप में किसका जन्म दिवस मनाया जाता है ?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर का
(B) अरविन्द घोष का
(C) महात्मा गाँधी का
(D) यतीन्द्र मिश्र का

95. गुरु नानक ने किस धर्म का प्रवर्तन किया ?

(A) जैन धर्म
(B) शैव धर्म
(C) सिख धर्म
(D) शाक्त धर्म



BiharboardQuestionpaper.com

96. अपने पदों में कृष्ण का लीला गान किसने किया है ?

(A) प्रेमघन (B) गुरु नानक

(C) रसखान (D) कबीर

97. घनानंद की भाषा है

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) खड़ी बोली (D) बुंदेली

98. भारतेन्दु युग के कवि कौन हैं ?

(A) प्रेमघन (B) गुरु नानक

(C) घनानंद (D) अनामिका

99. किस कृति पर सुमित्रानंदन पंत को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(A) गुंजन (B) चिदंबरा

(C) युगपथ (D) वीणा

100. निम्न में कौन 'राष्ट्रकवि' हैं ?

(A) अज्ञेय (B) कुँवर नारायण

(C) वीरेन डंगवाल (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com